Literacy for a Billion

Movie: Prem Rog
Year: 1982

Song: Mohabbat Hai Kya Cheez
Lyricist: Shantosh Anand

ये दिन क्यों निकलता है
ये रात क्यों होती है
ये पीड़ा कहाँ से उठती है
ये आँख क्यों रोती है
मोहब्बत है क्या चीज़
मोहब्बत है क्या चीज़
हमको बताओ
मोहब्बत है क्या चीज़
हमको बताओ
ये किसने शुरू की
किसने शुरू की
हमें भी सुनाओ
मोहब्बत है क्या चीज़
हमको बताओ
ये किसने शुरू की
हमें भी सुनाओ
मोहब्बत है क्या चीज़
मोहब्बत है क्या चीज़

शाम तक एक भँवरा
फूल पर मण्डला रहा
रात होने पर कमल की
पंखुडी में बंद था
क़ैद से छूटा सुबह तो
हमनें पूछा क्या हुआ
क़ैद से छूटा सुबह तो
हमनें पूछा क्या हुआ
कुछ न बोला कुछ न बोला
कुछ न बोला अपनी धुन में

बस यही गाता रहा
मोहब्बत है क्या चीज़
हमको बताओ
ये किसने शुरू की
हमें भी सुनाओ
मोहब्बत है क्या चीज़
मोहब्बत है क्या चीज़

दहकता है बदन कैसे
सुलगती है ये साँसे क्यों
ये कैसी आग होती है
पिघलती है ये शमा क्यों
दहकता है बदन कैसे
सुलगती है ये साँसे क्यों
ये कैसी आग होती है
पिघलती है ये शमा क्यों
जल उठी शमा तो मचलकर
परवाना आ गया
आग के दामन में अपने आपको
लिपटा दिया
हमने पूछा दुसरे की आग में
रखा है क्या
कुछ न बोला कुछ न बोला
कुछ न बोला अपनी धुन में
बस यही गाता रहा
मोहब्बत है क्या चीज़
हमको बताओ
ये किसने शुरू की
हमें भी सुनाओ

मोहब्बत है क्या चीज़
मोहब्बत है क्या चीज़

नशा होता है कैसा
बहकते हैं क़दम कैसे
नज़र कुछ भी नहीं आता
ये मस्ती कैसी होती है
एक दिन गुज़रे जो हम
मयकदे के मोड़ से
एक मयक़श जा रहा था
मय से रिश्ता ज़ोड के
हमने पूछा किसलिए तू
उम्रभर पीता रहा
हमने पूछा किसलिए तू
उम्रभर पीता रहा

कुछ न बोला कुछ न बोला
कुछ न बोला अपनी धुन में
बस यही गाता रहा
मोहब्बत है क्या चीज़
हमको बताओ
ये किसने शुरू की
हमें भी सुनाओ
मोहब्बत है क्या चीज़
हमको बताओ
ये किसने शुरू की
हमें भी सुनाओ
मोहब्बत है क्या चीज़
मोहब्बत है क्या चीज़
मोहब्बत है क्या चीज़
मोहब्बत है क्या चीज़

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.